SECURE OUR WORLD

CYBERSECURITY & INFRASTRUCTURE SECURITY AGENCY CISA

ऑनलाइन हमलावरों की चतुराई से बचें

तीन आसान सुझावों के साथ फ़िशिंग स्कैम से बचें

फ़िशिंग स्कैम ऑनलाइन मैसेज होते हैं जिन्हें इस प्रकार डिज़ाइन किया जाता है जैसे कि वे विश्वसनीय स्रोत से आए हों। हम जिसे सुरक्षित ईमेल, अटैचमेंट या इमेज मानकर खोलते हैं और उसी समय हम स्वयं को एक मैलवेयर या हमारे निजी डेटा की तलाश करने वाले एक स्कैमर के संपर्क में पहुँच जाते हैं।

अच्छी बात यह है कि हम हमारे महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित रखने के लिए सावधान हो सकते हैं। उपकरणों और डेटा को सुरक्षित रखने के लिए फ़िशिंग को पहचानना और रिपोर्ट करना सीखें।

1 साधारण संकेतों **को पहचानें**

- अति आवश्यक या भावनात्मक रूप से आकर्षक भाषा
- निजी या वित्तीय डेटा भेजने के अनुरोध
- अप्रत्याशित अटैचमेंट
- अविश्वसनीय छोटे किये गये URLs
- ईमेल एड्रेस जो कथित भेजने वाले से मेल नहीं खाते (जैसे कि: fkjsd1102@amazon-yahoo.com)
- खराब व्याकरण/गलत वर्तनियाँ (कम सामान्य)

2 बचें और रिपोर्ट करें

फिशिंग स्पैम

“स्पैम की रिपोर्ट करें” फ़ीचर का उपयोग कर संदेहजनक मैसेजों को रिपोर्ट करें। यदि मैसेज को किसी ऐसे संगठन से आए हुए मैसेज के तौर पर डिज़ाइन किया गया है जिस पर आप भरोसा करते हैं, तो वेबपेज पर दी गई संगठन की संपर्क जानकारी का उपयोग कर उन्हें इस मैसेज के बारे में सूचित करें।

3 डिलीट करें

मैसेज को डिलीट करें। कोई उत्तर न दें या किसी भी “अनसब्सक्राइब” लिंक सहित किसी अटैचमेंट या लिंक पर क्लिक न करें। अनसब्सक्राइब बटन में भी फ़िशिंग के लिए उपयोग किया जाने वाला लिंक शामिल हो सकता है। **डिलीट कर दें।**

डिलीट करें

यदि मैसेज संदेहजनक लगता है, तो यह फ़िशिंग हो सकता है।

लेकिन अगर ऐसी कोई संभावना है तो ऐसा वास्तव में हो सकता है, किसी भी लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक न करें या किसी नंबर पर कॉल न करें। एक कंपनी या व्यक्ति से सीधे संपर्क करने का कोई अन्य तरीका खोजें:

- कंपनी की संपर्क जानकारी ढूंढने के लिए कंपनी की वेबसाइट पर जाएँ
- व्यक्ति को जाने पहचाने नंबर पर कॉल करें और उन्हें पूछें कि क्या यह मैसेज उन्होंने भेजा है



हमारी दुनिया को सुरक्षित रखने का एक रास्ता फ़िशिंग से बचना भी है।

हम सभी

ऑनलाइन एक दूसरे को सुरक्षित रहने में सहायता कर सकते हैं, इसलिए अपने परिवार के किसी सदस्य या मित्र के साथ इन सुझावों को शेयर करें!

cisa.gov/SecureOurWorld